Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 07-12-2006

Participants : Singh Ch. Lal

an>

Title: Need to shift the Firing Range for the safety of humans, animals and natural habitation.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी इजाजत से बड़े महत्वपूर्ण मसले पर बोलना चाहता हूं। यह मसला डिफेंस मंत्रालय से संबंधित है। हमारे यहां एक ट्रेनिंग फायरिंग रेंज खोला गया है जहां आर्मी ट्रेनिंग करती है और इसे 30-40 र्वा हो गये हैं तथा वह एरिया रत्नपुर-सरारा-हीरानगर,कठवा जिले में पड़ता है। वहां मुश्किल यह हो रही है कि वहां लोगों के मकानों में फायरिंग रेंज की साउंड से दरारें आ गई हैं और जितना भी ऐसा पहाड़ी एरिया है, वहां मकान साउंड से गिर रहे हैं, जानवरों को चरने के लिए बाहर खोलने की इजाजत नहीं है। कोई भी जानवर बाहर जंगल में नहीं जा सकता। मेरे कहने का मकसद यह है कि न तो जानवरों के चरने का कोई इंतजाम किया गया है, उनके लिए न चारा दिया जाता है और न ही कोई कम्पनसेशन मिला है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : थोड़ा धीरे बोलिए।

चौधरी लाल सिंह : मेरे कहने का मकसद यह है कि यह फायरिंग रेंज वहां से शिफ्ट होना चाहिए क्योंकि मेरे क्षेत्र में लोग बहरे हो गये हैं और वहां डेली फायरिंग होती है।...(व्यवधान) This is must suggestion. It must be shifted for the safety of humans, animals and natural habitation.

श्री गणेश सिंह (सतना) : अध्यक्ष महोदय, हमारा भी नोटिस है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपको मौका नहीं देंगे। आपने ट्रेन-टाइमिंग के लिए नोटिस दिया है। श्री सुरेश कुरूप।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You are not Mr. Suresh Kurup.